समाचार

महापौर व आयुक्त ने किया वार्ड क्र. 38 की विभिन्न बस्तियों का दौरा, दूर होगी समस्याएं

(बस्तीवासियों से की भेंट, जानी वहॉ की समस्याएं, पानी, बिजली, साफ–सफाई से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 03 अप्रैल 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम के वार्ड क्र. 38 की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों का भ्रमण किया, उन्होने वहॉ के नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली एवं पानी, बिजली व साफ–सफाई से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, साथ ही निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा खंड्हर हो चुके सार्वजनिक मंच शेड का जीर्णोद्धार किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा के बालको जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 38 की विभिन्न बस्तियों का आज महापौर श्रीमती राजपूत व आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ दौरा किया। उन्होने वार्ड की डबरीपारा बस्ती, चेकपोस्ट, फायर कालोनी, लालघाट, ओ.एस.कालोनी, बेलगिरी बस्ती सहित अन्य बस्तियों मोहल्लों में पहुंचकर बस्तियों का पैदल भ्रमण करते हुए वहॉ के रहवासियों से भेंट मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं की सघन जानकारी ली। इस दौरान पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व साफ–सफाई कार्यो से जुड़ी समस्याओं को जाना एवं बस्तीवासियों के द्वारा

बताई गई समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

<u>पानी में प्रेशर न होने की समस्या होगी दूर</u> – भ्रमण के दौरान डबरीपारा बस्ती सहित अन्य कुछ मोहल्लों में पानी का प्रेशर कम होने की जानकारी वहॉ के रहवासियों ने महापौर व आयुक्त को दी, जिस पर उन्होने पानी का प्रेशर बढ़ाए जाने हेतु आवश्यकतानुसार वाटर टैंकों की स्थापना हेतु तत्काल का सर्वे का कार्य कर आगे की कार्यवाही त्वरित रूप से किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि उक्त समस्या का निराकरण करते हुए वहॉ के नागरिकों को पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

<u>सामुदायिक भवन निर्माण व मंच का जीर्णोद्धार</u> – वार्ड क्र. 38 में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य काफी समय से बंद है, इसे संज्ञान में लेते हुए उन्होने निर्माण एजेंसी पर नियमानुसार कार्यवाही करने तथा भ्रमण निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार उक्त वार्ड की ढोढ़ीपारा बस्ती में स्थित जीर्ण हो चुके सामुदायिक मंच शेड का जीर्णोद्धार किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

<u>मछली मार्केट में साफ–सफाई व बाउण्ड्रीवाल</u> – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सड़कों, सार्वजनिक स्थानों पर अनियंत्रित रूप से लगने वाली मछली विक्रय की दुकानों को कुछ समय पूर्व व्यवस्थित रूप से लालघाट में शिफ्ट कराया गया था, भ्रमण के दौरान महापौर एवं आयुक्त ने मछली मार्केट का निरीक्षण किया तथा वहॉ की नियमित रूप से साफ–सफाई कराए जाने तथा मार्केट को व्यवस्थित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वहॉ के व्यवसायियों एवं रहवासियों को द्वारा मछली मार्केट में बाउण्ड्रीवाल निर्माण एवं उसी के समीप खेल मैदान के निर्माण व विकास की मांग रखी गई, जिस पर उन्होने आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

<u>साफ–सफाई कार्यो में और अधिक कसावट लाएं</u> – महापौर श्रीमती राजपूत एवं आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त विभिन्न बस्तियों की स्वच्छता एवं वहॉ के साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने निगम के स्वच्छता निरीक्षकों व जोन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि साफ–सफाई कार्यो में और अधिक कसावट लाएं, शत प्रतिशत घरों से कचरे का संग्रहण हों, यह सुनिश्चित करें, सड़क, नाली आदि की निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप नियमित रूप से सफाई कार्य हों, सफाई कार्यो से उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन किया जाए, इस पर विशेष फोकस करें।

इस अवसर पर वार्ड क्र. 38 के पार्षद चेतन सिंह मैत्री, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, भाजपा बालको मण्डल अध्यक्ष दिलेन्द्र यादव, पूर्व पार्षद दीपक यादव, उप अभियंता अंजूलता तिग्गा, स्वच्छता निरीक्षक सतानंद द्विवेदी आदि के साथ वार्ड के नागरिकगण उपस्थित थे।